कार्य-पत्र

निर्धारित समय : 30 मिनट | पूर्णांक : 25

नाम : .... कक्षा : .... अनुक्रमांक : .... दिनांक : ....

1. पदक्रम संबंधी नियमों की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए। **2**

....

....

....

....

....

2. शुद्ध वाक्यों के आगे 'शुद्ध' तथा अशुद्ध वाक्यों के आगे 'अशुद्ध' शब्द लिखिए। **1×9=9**

1. तू तेरा काम पूरा कर। ....
2. सब लोग मंदिर गए हैं। ....
3. बीमारी के झूठी बहना मत बनाओ। ....
4. पिता जी फिल्म देख लिए हैं। ....
5. आपने क्या तय किया? ....
6. तुम्हारे को मैं विश्वास नहीं करता। ....
7. उसने अब खाना बनाना है। ....
8. मुझे काम करने दो। ....
9. मैं खाना खा लिया हूँ। ....

3. दिए गए अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए। **1×8=8**

1. उन्होंने अनेकों किस्से सुनाए। ....
2. लड़के को बहुत हिम्मत है। ....
3. हैजे में बहुत लोग मर गए। ....
4. हमने कल दिल्ली जाना है। ....
5. वह दूध पीकर के नहीं सोया। ....
6. अब आप अपने घर जाओ। ....
7. माता जी खाना बना रहे हैं। ....
8. आपने चाय पिया या नहीं? ....

4. कोष्ठक से उचित शब्द का चयन कर वाक्यों के रिक्त स्थानों में भरिए। **½×6=3**

1. अध्यापक ने उन दोनों बच्चों .... बहुत पीटा। (के लिए, का, को)
2. .... नाश्ता कर लिया है। (वे, उन्होंने, उन्हें)
3. .... मुंबई कब जाना है? (तुम्हारे को, तुमे, तुमको)
4. .... यहाँ मत बैठो। (आप, तुम, तुम्हें)
5. मुझे .... किताब चाहिए। (एक कहानी, कहानी की एक)
6. माता जी मेला देखने .... हैं। (गई, गयीं, गए)

5. विकल्पों में से शुद्ध वाक्य पर निशान लगाइए। **1×3=3**

1. (क) काम यह कौन करेगा? (ख) कौन करेगा यह काम?
   (ग) यह काम कौन करेगा? (घ) करेगा यह कौन काम।
2. (क) मुझे काटकर आम खिलाओ। (ख) खिलाओ मुझे आम काटकर।
   (ग) काटकर आम मुझे खिलाओ (घ) मुझे आम काटकर खिलाओ।
3. (क) मुझे ऑफिस जाना है। (ख) मेरे को ऑफिस जाना है।
   (ग) ऑफिस मुझे जाना है। (घ) जाना है मुझे ऑफिस।

अध्यापक/अध्यापिका के हस्ताक्षर : ....